1411 hrs.

Title: Need for proper maintenance of National Highway No.3 between Sarangpur and Dewas in Madhya Pradesh.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र शाजापुर से होकर जाने वाले राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 जो आगरा से मुम्बई जाता है कि सारंगपुर से देवास तक बुहत खराब हालत है। शाजापुर से मक्सी के बीच इस सड़क का सुदृढ़ीकरण करने तथा लखुन्दर नदी पर बड़ा पुल बनाने व नैनावद नाले पर पुल बनाने व मक्सी रेलवे क्रासिंग पर ओव्हर ब्रिज बनाने व शाजापुर व देवास शहर के लिए बाय पास रोड बनाने की जनता व जनप्रतिनिधियों की मांग अनुसार प्रस्ताव सरकार के पास स्वीकृत हेतु लम्बे समय से लम्बित है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि उक्त राट्रीय राजमार्ग को फोर-लेन में परिवर्तित करने तथा उपरोक्त दर्शाई गई समस्याओं को हर करने की स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने का कट करें।